07/05/2026

आकाशवाणी ईटानगर

आज देश 'ऑपरेशन सिंदूर' की पहली वर्षगांठ मना रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश आतंकवाद को परास्त करने और उसे समर्थन देने वाले तंत्र को ध्वस्त करने के अपने संकल्प पर दृढ़ता से कायम है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने अद्वितीय साहस, सटीकता और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि पहलगाम में निर्दोष भारतीयों पर हमला करने वालों को सेना ने करारा जवाब दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरा राष्ट्र सशस्त्र बलों के शौर्य को सलाम करता है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की सख्त प्रतिक्रिया और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

0000000000000000000000

नीति आयोग ने आज **"भारत की स्कूल शिक्षा प्रणाली: समयगत विश्लेषण और गुणवत्ता संवर्धन हेतु नीति रोडमैप"** पर एक नीति रिपोर्ट जारी की। यह रिपोर्ट एक व्यापक नीति दस्तावेज है, जिसमें पिछले एक दशक के दौरान भारत की स्कूल शिक्षा प्रणाली का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है।

इसमें पहुंच और नामांकन, आधारभूत संरचना, समानता एवं समावेशन तथा शिक्षण परिणाम जैसे प्रमुख मानकों का अध्ययन किया गया है। रिपोर्ट में गुणवत्ता सुधार के लिए तेरह व्यापक सिफारिशों सहित विस्तृत नीति रोडमैप भी प्रस्तुत किया गया है।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. पारनाईक ने विश्व रेड क्रॉस दिवस के विशेष अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, अरुणाचल प्रदेश राज्य शाखा के सदस्यों और स्वयंसेवकों सहित मानवता की सेवा में समर्पित सभी लोगों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस वर्ष की थीम 'Keeping Humanity Alive' और 'United for Humanity' विश्वभर में रेड क्रॉस आंदोलन की करुणा, एकजुटता और निःस्वार्थ सेवा की भावना को और सशक्त करेगी। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि विश्व रेड क्रॉस दिवस मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता और स्वैच्छिक सेवा जैसे महान आदर्शों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करने का अवसर प्रदान करता है।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने मुख्यमंत्री कार्यालय के अंतर्गत क्रिएटिव इकॉनमी सेल को और मजबूत करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने यह घोषणा आज राज्य के प्रमुख आयोजनों के आयोजकों के साथ हुई एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए की।

उन्होंने कहा कि यह सेल स्थानीय प्रतिभाओं और वैश्विक उद्योग के बीच सेतु का कार्य करेगा तथा कैरियर प्रगति के लिए आवश्यक संपर्क और अवसर उपलब्ध कराएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वतंत्र प्रतियोगिताओं को एक “संरचित प्रतिभा पाइपलाइन” में बदलने का विजन प्रस्तुत किया, जिससे राज्य के युवा मंच से निकलकर वैश्विक मनोरंजन उद्योग में स्थायी पेशेवर करियर बना सकें।

0000000000000000000000

शिक्षा मंत्री पी.डी. सोना ने आज ईटानगर में कोलकाता स्थित अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास की महावाणिज्य दूत सुश्री कैथी गाइल्स-डियाज़, श्री ब्राफस कालुंड (राजनीतिक एवं आर्थिक मामलों), सुश्री हाने गोम्स तथा श्री अभिजीत शर्मा के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में लीडर प्रोग्राम के अंतर्गत प्रौद्योगिकी, शहरी नियोजन और प्राकृतिक आपदा प्रबंधन में सहयोग पर चर्चा हुई। साथ ही पर्यटन विकास और संचालन योजना को सशक्त बनाने के अवसरों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

0000000000000000000000

अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा विभाग ने अपने सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम को संचालन शुरु कर दिया है। इस पहल के लिए विभाग को बधाई देते हुए गृह राज्य मंत्री मामा नातिङ ने आज सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि यह पहल अरुणाचल प्रदेश में पारदर्शी और

तकनीक-आधारित शासन व्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने लिखा कि यह पहल राज्य सरकार की डिजिटल गवर्नेंस को मजबूत करने और सभी विभागों में सौ प्रतिशत ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने की प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है।

0000000000000000000000

पूर्वोत्तर भारत में बौद्ध सर्किट के विकास पर दो दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला आज तवांग स्थित विवानता तवांग में संपन्न हुई। यह कार्यशाला अरुणाचल प्रदेश सरकार के पर्यटन विभाग, साउथ एशिया विमेन्स नेटवर्क (SWAN) और तवांग जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य नेपाल, भूटान, श्रीलंका और भारत के प्रमुख बौद्ध स्थलों को जोड़ते हुए महिला-नेतृत्व आधारित ग्रामीण पर्यटन मॉडल के माध्यम से एक सशक्त बौद्ध पर्यटन सर्किट विकसित करना था। इस पहल का लक्ष्य सतत आजीविका को बढ़ावा देना, सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण करना और क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत बनाना है।

0000000000000000000000

वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत, वर्तमान में जवाहर नवोदय विद्यालय, मेगडोंग में चल रहे एनसीसी शिविर में भाग ले रहे एनसीसी कैडेट्स ने कामले जिले के मेगडोंग गाँव का शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक भ्रमण किया।

यह भ्रमण वन अरुणाचल प्रदेश बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर, एएनओ, सीटीओ अजय तथा एनसीसी के पीआई स्टाफ के नेतृत्व में आयोजित किया गया। पहल का उद्देश्य कैडेट्स को ग्रामीण जीवन, स्वदेशी परंपराओं और अरुणाचल प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से प्रत्यक्ष परिचय कराना था।

0000000000000000000000